B. com II[nd] Sem.

Paper => IV[th]

Subject => Business Management

Lecture by:- Mr. Vikas Maurya
Assistant professor
Nehru Gram Bharti
(Deemed to be University)
prayagraj

Topic :- Controlling (नियंत्रण)

नियंत्रण (Controlling) :-

नियंत्रण का अर्थ पूर्व निर्धारित लक्ष्यों एवं उद्देश्यों के अनुसार प्रमापित कार्य सम्पन्न हो रहा है अथवा नहीं की जाँच करना है, यदि नहीं हो रहा है तो कमियों एवं कारणों की खोज कर सुधारात्मक कार्यवाही करना है। नियंत्रण करने से अभिप्राय विचलन एवं विसंगति को न्यूनतम करना है।

डे. एफ. एल. ब्रेच के अनुसार, "नियंत्रण उचित एवं सन्तोषजनक निष्पादन के सुनिश्चितीकरण के दृष्टिकोण से वास्तविक निष्पादन की योजना के पूर्व सहमत मानकों के विरुद्ध जांच है।"

राबर्ट आलबेनिज के अनुसार, "प्रबन्धकीय नियंत्रण यह सुनिश्चित करने की प्रक्रिया है कि कार्य वांछित परिणामों की दिशा में है।"

Scanned with CamScanner

नियंत्रण की विशेषताएँ :-

1. योजना नियंत्रण का आधार है।
2. नियंत्रण सर्वव्यापक क्रिया है।
3. नियंत्रण आगे की ओर देखता है।
4. नियंत्रण निरन्तर प्रक्रिया है।
5. प्रबन्ध का महत्वपूर्ण कार्य है।
6. उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक
7. विचलनों को पता लगाने एवं मुधारात्मक कार्यवाही करने में सहायक

नियंत्रण का उद्देश्य :-

1. विचलनों का पता लगाना
2. अनावश्यक कार्यों की पहचान करना
3. लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायता करना
4. योजना के अनुसार कार्य करवाने में सहायक
5. विभिन्न कार्यों में समन्वय स्थापित करना
6. न्यूनतम प्रयास में अधिकतम परिणाम प्राप्त करने में सहायक

नियंत्रण की आवश्यकता एवं महत्व :-

1. नियंत्रण परिणामों एवं साधनों एवं प्रयत्नों व उत्पादन के मध्य सन्तुलन स्थापित करता है।
2. नियंत्रण लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक होता है।
3. नियंत्रण कर्मचारियों को अभिप्रेरित करता है तथा उनके मनोबल को ऊंचा रखता है।
4. नियंत्रण निर्णयन प्रक्रिया में सहायता करता है।
5. नियंत्रण नियोजन के सफल क्रियान्वयन का सर्वाधिक प्रभावी अस्त्र है।
6. नियंत्रण पर्यवेक्षण का सर्वश्रेष्ठ अस्त्र है।

Scanned with CamScanner

नियंत्रण की प्रक्रिया :=

1. मानक या प्रमाप निर्धारित करना
2. कार्य का मापन
3. कार्य का मूल्यांकन या वास्तविक कार्यों का प्रमापित कार्यों से तुलना
4. विचलनों के कारणों का पता लगाना
5. सुधारात्मक कार्यवाही करना

अच्छी नियंत्रण प्रणाली के गुण :=

1. आसान प्रणाली
2. स्पष्ट उद्देश्य
3. लचीली पद्धति
4. भविष्योन्मुखी
5. लक्ष्योन्मुखी
6. आवश्यकतानुकूल
7. लागतों में बचत में सहायक

Scanned with CamScanner